अति आवश्यक
प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय, हिमाचल
व्यक्तिगत ध्यानार्थ
12 SEP 2019
शिमला–1

संख्या : शिक्षा (प्रा0)एच0 (6)3–10/2019
प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय,
हिमाचल प्रदेश ।
दिनांक शिमला– 171001 सितम्बर, 2019

प्रेषित :–

1. समस्त उप निदेशक (प्रारम्भिक शिक्षा), हिमाचल प्रदेश ।
2. समस्त उप निदेशक (उच्च शिक्षा), हिमाचल प्रदेश।

विषय :– "अटल स्कूल वर्दी योजना" के अन्तर्गत सरकारी पाठशालाओं में शिक्षा ग्रहण कर रहे कक्षा पहली से बाहरवीं तक के छात्र–छात्राओं को वर्ष 2019–20 में प्रदान की जा रही निःशुल्क स्कूल वर्दी बारे।

महोदय,

उपरोक्त विषय पर जैसा की आपको विदित है कि वर्तमान में "अटल स्कूल वर्दी योजना" के अन्तर्गत सरकारी पाठशालाओं में शिक्षा ग्रहण कर रहे कक्षा पहली से बाहरवी के सभी विद्यार्थियों (छात्र–छात्राओं) को निःशुल्क स्कूल वर्दी के दो– दो सैटस एक साथ प्रदान किए जा रहे है। कक्षा पहली से दसवीं के सभी विद्यार्थियों (छात्र–छात्राओं) को वर्दियों की सिलाई हेतु सरकार द्वारा निर्धारित मु0 200/– रूपये प्रति छात्र–छात्रा प्रदान करने हेतू दिनांक 01.08.2019 को विभाग के सभी चिन्हित आहरण एवम् वितरण अधिकारियों (Idendified DDO's) को ई–वितरण के माध्यम से वाछित बजट (धनराशि)का आंबटन इस दिशा निर्देश के साथ किया गया है कि वह स्कूल वर्दी की सिलाई की उक्त निर्धारित धनराशि सीधे छात्र–छात्राओं के बैक खातो में प्रदान करें।

इस सन्दर्भ में आपसे अनुरोध है कि जिन–2 पाठशालाओं में post despatch random samples की lab. test repots प्राप्त होने के उपरान्त छात्र–छात्राओं में निःशुल्क स्कूल वर्दियों का आंवटन किया गया है, उन सभी पाठशालाओं में आप यह सुनिश्चित करें कि सभी छात्र– छात्राऐं दिंनाक 15.09.2019 तक वर्दियों की सिलाई अवश्य करवा लें तथा सभी छात्र–छात्रा पाठशालाओं में नई स्कूल वर्दी पहनकर आना सुनिश्चित करें। इस सन्दर्भ में जिला वार कार्यन्वयन रिर्पोट(Action Taken Report)इस निदेशालय को प्रदान करें ताकि मामले की नवीनतम् वस्तु स्थिति (Latest Status Report) से सरकार को अवगत करवाया जा सकें।

कृप्या इसे अति आवश्यक एवं अति महत्वपूर्ण समझे तथा इस सन्दर्भ में प्राथमिकता के आधार पर अग्रिम वांछित कार्रवाई हेतु व्यक्तिगत ध्यान देने की कृपा करें।

(रोहित जमवाल, हि0प्र0से0)
निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा
हिमाचल प्रदेश, शिमला –171001

पृष्ठांकन संख्या सम दिनांक सितम्बर, 2019
प्रतिलिपि :–

1. प्रधान सचिव (शिक्षा) हिमाचल प्रदेश सरकार शिमला–171002 को सूचनार्थ प्रेषित है ।
2. निदेशक(उच्च शिक्षा) हिमाचल प्रदेश, शिमला–171001 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि वह भी अपने अधीनस्थ सभी उप निदेशक (उच्च शिक्षा) तथा पाठशाला प्रमुखो(GSSS & GHS) को इस सम्बन्ध में शीघ्र अपने कार्यालय से उपरोक्त दिशा–निर्देश जारी करने की कृपा करें। आपसे यह भी अनुरोध है कि आप भी निदेशालय स्तर पर उक्त योजना का समय–2 पर अनुश्रवंण (Monitoring) करना सुनिश्चित करें।
3. रक्षक नस्ति।

(रोहित जमवाल, हि0प्र0से0)
निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा,
हिमाचल प्रदेश, शिमला –171001

पृष्ठांकन संख्या : शिक्षा–कांगड़ा–(ई07)–अटल स्कूल वर्दी योजना/2018-19 5623 दिनांक: 18.9.2019
प्रतिलिपि :– समस्त खण्ड प्रा0 शिक्षा अधिकारी जिला कांगड़ा को सूचनार्थ एवम आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है तथा निर्देश दिये है कि उक्त विषय पर की गई कार्यवाही की ATR इस कार्यालय को शीघ्र प्रेषित करें।

Dy. Director Elementary Edu.
Kangra at Dharamshala

Scanned by CamScanner